## जो कहा वह किया की तर्ज पर विधायक कर रही कार्य : गौतम कुशवाहा



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पश्चिमी पंचायत में विधायक अंबा प्रसाद द्वारा कई विकास योजनाओं को स्विकृति दी गयी। इस मौके पर पंचायत कोर कमेटी सदस्यों द्वारा आभार व्यक्त किया गया। पंचायत अध्यक्ष गौतम कुशवाहा ने कहा कि कुछ दिन पूर्व ही पंचायत कमेटी का गठन किया गया था और योजनाओं का चयन किया गया था। हमारी युवा विधायक एक्शन फॉर्म में संगठन के माध्यम से विकास योजनाओं को धरातल पर उतरने का काम कर रही है। जो कहा वह किया के तर्ज पर स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद द्वारा क्षेत्र के हर एक पंचायत में कार्य किया जा रहा हैं। विकास योजनाओं में लांगातू में दशकर्मा शेड, केरीगढ़ा में दशकर्मा शेड, व कई पीसीसी योजना शामिल है। मौके पर राजेंद्र प्रसाद, धर्मनाथ महतो, नरेंद्र कुमार, चंदन कुमार, कृष्णा पटेल, उमेश कुमार, रोहित पटेल, संजय कुमार, आदी उपस्थित थे।

## बच्चों ने मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति में लहराया परचम



**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सूदन ग्राम में संचालित डिवाइन एकेडमिक कोचिंग सेंटर के 90 प्रतिशत बच्चों ने मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना में सफल रहे। जिसमे कुल 21 बच्चों ने सफलता प्राप्त किया। इस योजना के तहत सफल विद्यार्थियों को 12 वीं तक प्रत्येक वर्ष 12000 रुपये दिए जायेंगे। जिसमें पुरे झारखंड में विनय यादव 26 वां स्थान, निशि कुमारी 59 वां स्थान, नैना कुमारी 88 वां स्थान, गुनगुन पांडेय 97वां स्थान, नीतू कुमारी 112वां स्थान, शुभम कुमार यादव 149वां, सुभाष पंडित 174वां, राजेंद्र ठाकुर 196वां, सचिन कुमार ठाकुर 232वां, मनीष पंडित 264वां, अंजू कुमारी 296वां, पायल कुमारी 456वां, सुनील ठाकुर 560वां, विद्या कुमारी 794वां, देवरानी 1126वां, विनय शर्मा 1103वां, रोशनी1195वां, कविता 1386वां, पप्पू साव 1641वां, खुशबु कुमारी 2295वां, विजयपंडित 2100वां स्थान लाकर डिवाइन एकेडमिक कोचिंग सेंटर का नाम रौशन किया। सभी बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। शिक्षक महेश कुमार पंडित ने कहा की बच्चे देश का भविष्य होते हैं। इनकी उज्वल भविष्य की कामना करता हूं। वहीं शशि कुमार ने कहा की हमे इन बच्चों पर गर्व है। शिक्षक पवन कुमार बर्णवाल ने भी उज्जवल भविष्य की कामना की।

## कांग्रेसियों ने मनायी बांग्लादेश मुक्ति दिवस की 52वी वर्षगांठ



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** बंग्लादेश युद्ध 1971 की स्वर्ण जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बांग्लादेश मुक्ति युद्ध 1971 की स्वर्ण जयंती के अवसर पर देश को अब तक की सबसे बड़ी सैन्य जीत दिलाने व बांग्लादेश निर्माण में दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के ऐतिहासिक योगदान को उजागर करने के लिए एक फिल्म बनायी गयी थी उस फिल्म को आज जिला कांग्रेस कमेटी व कांग्रेस जन के साथ देखी गयी। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव के किया। इस अवसर पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव ने कहा कि बांग्लादेश मुक्ति युद्ध 1971 देश की अब तक की सबसे बड़ी सैन्य जीत है। यह भी कहा कि बांग्लादेश निर्माण में आयरन लेडी कही जाने वाली दिवंगत प्रधानमंत्री भारत रत्न से विभूषित इंदिरा गांधी के ऐतिहासिक योगदान के बारे में भी बताया। इस अवसर पर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, भीम कुमार, बिनोद कुशवाहा, अशोक देव, विनोद सिंह, संजय गुप्ता, सजिद हुसैन, राजू चौरसिया, सुनील अग्रवाल, कृष्णा किशोर प्रसाद, गुड्डू सिंह, निसार खान, अजीम खान, दिलीप कुमार रवि, मिथलेश दुबे, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, सजिद अली खान, साबिर अली आनंद कुमार मेहता, रघु जायसवाल, सलीम रजा, असगरी अंजुम समेत कई कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## विकसित भारत संकल्प रथ यात्रा आज से

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग उपायुक्त कार्यालय द्वारा बड़कागांव प्रखंड में केंद्र सरकार के विकसित भारत संकल्प रथ का भ्रमण बड़कागांव पुर्वी उरीमारी मंडल के सभी पंचायतों में 19 दिसंबर मंगलवार से करेगी। विदित हो कि भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने एवं योजनाओं का लाभ सभी लाभुकों तक शत प्रतिशत पहुंचाने को लेकर विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ पुरे भारतवर्ष में घुम रहा है, इसी क्रम में बड़कागांव पुर्वी उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो ने सभी 11 शक्ति केंद्रों में सफल संचालन के लिए संयोजक मंडली का गठन किया जिसमें उपायुक्त हजारीबाग के द्वारा जारी रूट चार्ट के अनुसार सभी संयोजक अपने-अपने कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रमों को सफल संचालन करेंगे। 19 दिसंबर को हरली और बादम पंचायत में त्रिवेणी महतो और भागीरथ ठाकुर, 20 दिसंबर को गोंदलपुरा और नयाटाड पंचायत में श्रीकांत निराला और दिनेश्वर महतो, 21 दिसंबर को चोपदार बलिया और नापो खुर्द पंचायत में सुमन गिरी और अशोक साव, 22 दिसंबर को तलसवार पंचायत में ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, 23 दिसंबर आंगो पंचायत कल्याणी देवी, 26 दिसंबर को पोटंगा, गरसुलला, उरीमारी पंचायत में अकल मुंडा, उमाशंकर महतो और दिनेश करमाली को नियुक्त किया गया है वहीं पुरे मंडल के संयोजक किशोर राणा को बनाया गया है।

## सांकुल बरवा टोला में अपराध कर्मियों ने की फायरिंग

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू थाना क्षेत्र अंतर्गत निर्माणाधीन कम्युनिटी हॉल सांकुल बरवा टोला में अज्ञात अपराध कर्मियों ने फायरिंग कर कार्य को बंद कराया। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार अपराध कमी दो बाइक से आये थे निमार्णाधीन कार्य स्थल पर फायरिंग करते हुए काम बंद करने को कहा, अपराध कर्मियों ने मौजूद मुंशी व मजदूरों को कहा की तुम्हें पहले भी मना किया गया था फिर काम कैसे शुरू कर दिया। फायरिंग के बाद अपराध कर्मी हफुआ जाने वाले मैं रास्ते की ओर निकल गये। फायरिंग की घटना से सांकुल बरवा टोला के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। सूचना के बाद पतरातू पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन कर रही है।

### दारू में 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम

# शिविर में मुख्यमंत्री से बात कर उत्साहित नजर आये लाभुक

आजाद सिपाही संवाददाता

**दारू /हजारीबाग।** प्रखंड अंतर्गत दारू पंचायत भवन में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अबुआ आवास योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, निर्वाचन कार्य, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और पारिवारिक हित लाभ, मनरेगा बिरसा सिंचाई कुप संवर्धन योजना, जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र, खाद आपूर्ति विभाग, जल जीवन मिशन, योजना कृषि विभाग कल्याण विभाग राजस्व विभाग, आयुषमान कार्ड, ग्रामीण विकास विभाग, दिव्यांग प्रमाण पत्र, सहित कई योजनाओं का स्टॉल लगाया गया था।

शिविर आयोजन की खास बात यह रही की झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये विभिन्न योजना से जुड़े लाभुकों सहित दारू पंचायत की मुखिया सुनिल कुमार से बात कर जानकारी ली। मुख्यमंत्री से बात कर कॉलेज की छात्रा, स्कूली बच्चे और अन्य योजना की लाभुक काफी उत्साहित नजर आये।





इस शिविर में आठवी कक्षा के विद्यार्थियों को साइकिल के लिए 4500 रुपया का डेमो चेक मिला। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख कुमारी श्वेता, 20 सूत्री अध्यक्ष शशि मोहन सिंह, बीडीओ मनीष कुमार, अंचलाधिकारी अदिति गुप्ता, बीपीओ स्वाति वर्मा, मुखिया सुनिल कुमार, कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष रिंकू कुमार, प्रखंडकर्मी और पंचायत के सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# रुपायडीह पंचायतः 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**जयनगर।** प्रखंड में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत रुपायडीह पंचायत भवन परिसर में किया। कार्यक्रम का शुभांरभ प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी गौतम कुमार, प्रमुख अंजू देवी, जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव, मुखिया गणपत यादव, पंचायत समिति सदस्य धानेश्वर राणा और उप मुखिया चंदन कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार ने कहा कि सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए हम कृतसंकल्पित हैं। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार एक सशक्त माध्यम है अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक योजनाओं को पहुंचाने के लिए। मुखिया गणपत यादव ने मुख्यमंत्री जी को अबुआ आवास योजना के लागू किए जाने पर उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि चुंकि अबुआ आवास के प्राप्त आवेदनों का सत्यापन दिसंबर माह में ही पूर्ण कर लिया जाना है ऐसे में नये साल में नई ऊर्जा के साथ ग्राम पंचायत में स्वीकृत अबुआ आवासों का निर्माण कराते हुए हम सभी आवासहीन और कच्चे मकान में रह रहे पंचायत वासियों को पक्के मकान का आशियाना उपलब्ध करा पायेंगे। कार्यक्रम का संचालन उप मुखिया चंदन कुमार ने किया।




कल्याण मंच से 5-5 लाभुकों को प्रतीकात्मक रूप से मनरेगा जॉब कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना की स्वीकृति, सावित्रीबाई फुले समृद्धि योजना, साइकिल वितरण का डेमो चेक, धोती साड़ी और कंबल का वितरण किया गया। शिविर में अंचल निरीक्षक धीरेंद्र कुमार, जनसेवक दिलीप कुमार यादव, पंचायत सचिव कुंदन कुमार, रोजगार सेवक प्रमोद कुमार, कनीय अभियंता कुमार प्रिंस, ब्लॉक कॉर्डिनेटर रवि कुमार, बीस सूत्री अध्यक्ष इस्लाम अंसारी, समाजसेवी उपेन्द्र यादव, राजकुमार पासवान, भोला यादव, सचिन गुप्ता, जितेंद्र कुमार, पप्पू कुमार राणा, मुनिया देवी और अन्य सहित प्रखण्ड कर्मी और सैकड़ो पंचायतवासी मौजूद थे।

# हजारीबाग में शैक्षणिक समस्याओं को लेकर विभावि कुलसचिव से मिला एनएसयूआइ प्रतिनिधिमंडल

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** एनएसयूआइ जिला अध्यक्ष अभिषेक राज ने छात्रों के विभिन्न समस्याओं से विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुख्तार आलम को अवगत करवाया। अभिषेक राज ने बताया की एलएलएम सत्र 2023-25 कि नामांकन प्रक्रिया अभी तक शुरू नहीं कि गई है और छात्रों के बीच चर्चा है की कोर्स को बंद कर दिया गया है। रजिस्ट्रार ने कहा इस विषय पे जल्द ही बात करके छात्रों को सूचित कर दिया जायेगा। दूसरी समस्या बताया की बीएड में दो मेथड पेपर लागू होने के बाद भी अभी तक किसी कॉलेज को सिलेबस भेजा नहीं गया है तथा सत्र भी छह माह विलंब चल रहा है। जल्द ही सेमेस्टर दो की परीक्षा आयोजित कि जाये और स्नातक सत्र 2022- 26 का सेमेस्टर दो और एमएड का फाइनल परीक्षा हुए दो महीने से अधिक हो जाने के बाद भी अभी तक परीक्षा परिणाम घोषित नहीं किया गया है तथा पीजी बायोटेक विभाग में चलने वाले डिप्लोमा कोर्स का भी फाइनल रिजल्ट जारी नहीं हुआ है। सभी समस्याओं को कुलसचिव ने जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया। मौके पर अमरदीप मेहता, गुलाम सरवर, निखिल, संस्कार साहू, राजगोपाल, सचिन मेहता, सागर, अभिषेक राणा, कुणाल गुप्ता, लवकुश पांडेय, बंटी कुमार, आदि छात्र मौजूद थे।



### जनता दल यूनाइटेड उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल की हुई बैठक

# नीतीश कुमार के कार्यक्रम को सफल बनाने पर हुई चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** जनता दल यूनाइटेड उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल की एक आम बैठक आहूत की गयी। बैठक स्थानीय आर्या नगर स्थित पार्टी कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 21 जनवरी को रामगढ़ में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जदयू के राष्ट्रीय नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आगमन को सफल बनाना था। बैठक की अध्यक्षता उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडलीय प्रभारी मुन्ना मलिक ने किया और मंच संचालन प्रदेश सचिव मिथिलेश सिंह ने किया। वहीं बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो उपस्थित थे। बैठक में उत्तरी छोटा नागपुर के जिले और प्रखंडों से भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित हुए। सभी जिले से आये पदाधिकारी बारी-बारी से सभा को संबोधित किया और नीतीश कुमार के रामगढ़ आगमन पर नीतीश जोहार कार्यक्रम को सफल बनाने संबंधी बातें कही।




मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद ने अपने संबोधन में उपस्थित नेताओं को कार्यक्रम सफल बनाने संबंधी दिशा निर्देश दिये। भारी संख्या में कार्यकताओं को आगामी 21 जनवरी को रामगढ़ पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। प्रमंडलीय प्रभारी मुन्ना मलिक ने आगामी कार्यक्रम की व्यवस्था संबंधी बातों पर जोर देते हुए कहा कि कार्यक्रम में दमदार उपस्थिति ही हमारी सफलता होगी। मंचासीन प्रदेश नेताओं में महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष रेनू गोपीनाथ परीणकर, दीप नारायण सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष कामेश्वर महतो, कार्यक्रम प्रभारी मधुकर सिंह, प्रदेश सचिव श्रवण कुमार, रमाकांत मंडल, राजू महतो, पूर्व निर्वाचित पदाधिकारी अनिल सिंह, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक सिंह, बरकट्ठा विधानसभा प्रभारी अर्जुन कुमार मेहता, हाजी हासिम खान, भगवान सिंह, चंद्र मोहन पटेल, हजारीबाग जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा, बोकारो के अध्यक्ष प्रदीप महतो, रामगढ़ के अध्यक्ष ज्योतेंद्र साहू, गिरिडीह के अध्यक्ष त्रिभुवन दयाल सिंह, धनबाद से पिंटू सिंह, चतरा से रामाशीष डांगी, युवा के प्रदीप रजक, साबिर खान, खुशबू कुमारी, पुष्पा पांडे, अनीता सिंह, भूषण उरांव, छोटन पासवान, रूपेश पासवान, महावीर सिंह, रुद्रकांत लाल दास, सरयू यादव, जिला प्रवक्ता राकेश ठाकुर, अविरल बिहारी लाल, नजरुल्लाह अंसारी, सुजाता सिंह, महानगर अध्यक्ष यासीन अंसारी आदि उपस्थित थे।


सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
"एक मिनीरत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)

सूचना

सामग्री, कार्यों एव सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियो द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in) सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।


## बच्चों को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के झरपों में संचालित +2 उचित नारायण उच्च विद्यालय झरपों बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। बच्चे भ्रमण के लिए राजगीर, बोधगया, पावापुरी, नालंदा ले जाया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को खुले वातावरण में शिक्षा को अपने व्यक्तिगत अनुभव करने का मौका मिला। शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से छात्र-छात्राओं को एक अनुभूति जागृत होती है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक दशरथ नारायण सिंह ने कहा कि विज्ञान, शिष्टाचार, सामाजिक विज्ञान और प्रकृति को व्यक्तिगत रूप से जान सकते हैं इसकी अतिरिक्त छात्रों में समूह में रहने की प्रवृत्ति नायक बनने की क्षमता तथा आत्मविश्वास औश्र भाईचारे की भावना प्रबल होती है राजगीर, बोधगया, नालंदा, पावापुरी के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही मौके पर विद्यालय के शिक्षक छोटन कुमार, अशोक कुमार, मनोज कुमार, दयाल प्रसाद तथा अनिल कुमार मौजूद थे।

## युवा विंग के जिलाध्यक्ष बने अमित



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पेटो पंचायत के चट्टी पेटो निवासी भाजपा के युवा नेता अमित प्रसाद को झारखण्ड प्रदेश रौनियार वैश्य महासभा का हजारीबाग जिला युवा विंग का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है झारखंड प्रदेश रौनियार वैश्य महासभा के युवा विंग के अध्यक्ष संतोष प्रसाद ने रविवार को इनके मनोनयन से संबंधित पत्र जारी किया है रौनियार वैश्य महासभा के युवा विंग के हजारीबाग जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर युवा नेता अमित प्रसाद गुप्ता ने आभार व्यक्त करते हुए कहा की मुझ पर भरोषा जताया गया है उस पर मैं खरा उतरने का पूरा प्रयास करुगा। इनको युवा विंग का जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर रविंद्र गुप्ता, चंदन कुमार गुप्ता, बजरंगी कुमार गुप्ता, विजय कुमार गुप्ता, प्रमोद कुमार गुप्ता, शिवचरण प्रसाद गुप्ता, छोटन साहू, सुभाष कुमार गुप्ता, बृजनंदन प्रसाद गुप्ता, आकाश कुमार गुप्ता, अमर कुमार गुप्ता, पवन कुमार गुप्ता, सुरेन्द्र कुमार गुप्ता, मनोज प्रसाद गुप्ता, संतोष प्रसाद गुप्ता, धनेश्वर साहू और सूरज साहू सहित कई लोगों ने बधाई दी।

## करगालो मुखिया मोतीलाल ने बांटे कंबल



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** करगालो मुखिया मोती लाल महतो ने पंचायत भवन में 120 जरूरतमंदों के बीच कम्बल का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बढ़ती ठंड में कंबल वितरण लाभुकों का चयन कर किया गया। सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये हर सुविधा जरूरतमंद ग्रामीणों को पहुचाया जा रहा है। आगे भी जारी रहेगा। मौके पर पसस युगल कुमार महतो, उपमुखिया प्रमिला देवी, वार्ड सदस्य प्रभा देवी, लालकिशुन साव, खूबलाल साव, टोकन साव, गुंजा देवी, संतोष कुमार, समाजसेवी जितेंद्र महतो, प्रेम कुमार, सहदेव दास, तुलसी महतो, खीरो महतो, रामचंद्र यादव, कैलाश महतो, अख्तर अंसारी, योगेंद्र महती, दशरथ महतो आदि उपस्थित थे।

## विधायक ने बड़कागांव को अनुमंडल बनाने का फिर विधानसभा में उठाया मामला



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** विधानसभा शीतकालीन सत्र के दौरान विधायक अंबा प्रसाद ने बड़कागांव को अनुमंडल बनाने की मांग फिर से दोहराई। वहीं इससे पूर्व विधायक ने प्रश्न करते हुए कहा था कि बड़कागांव औद्योगिक व खनन क्षेत्र होने के फलस्वरूप विशेष महत्ता रखता है तथा वहां अपराधिक घटनायें होती रहने के कारण विधि व्यवस्था की समस्या बनी रहती है। वहीं इससे पूर्व भी विधायक ने गैर सरकारी संकल्प के माध्यम से बड़कागांव को अनुमंडल बनाने का मांग पहले भी विधानसभा में उठाया था।

## विधायक ने यज्ञस्थल का किया निरीक्षण



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत अंतर्गत ग्राम कोनहरा कला स्थित शिव मंदिर प्रांगण में विधायक अमित कुमार यादव ने पहुंचकर यज्ञ स्थल का निरीक्षण किया। ज्ञात हो कोनहरा कला यज्ञ समिति के द्वारा अप्रैल 2024 में श्री श्री 108 श्री शतचंडी महायज्ञ सह देवी प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जाना है। इसी निमित्त विधायक ने स्थल का जायजा लिया। मौके पर उन्होंने यज्ञ समिति सदस्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए यज्ञ में हर संभव मदद का भरोसा दिया। मौके पर यज्ञ समिति अध्यक्ष इश्वर यादव, मुंशी पासवान, मुकेश सोनी, श्यामलाल सिंह, मनी यादव, मुकेश यादव, उमेश यादव, त्रिवेणी यादव, एडवोकेट संदीप कुमार, राम अवतार यादव, राजू यादव, देवनाथ प्रजापति, जीवन यादव, तुलसी प्रजापति, भुनेश्वर राणा, अनिल यादव, गणेश राणा नंदकिशोर सोनी समेत आदि लोग उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 19 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in


## हेहल प्लांट ने बांटे टेबल कुर्सी



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** नगर परिषद क्षेत्र हेहल स्थित छीनमस्तिका सीमेंट एंड इस्पात प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंधक ने सीएसआर नियम के तहत राजकीय मध्य विद्यालय हेहल में कुर्सी व टेबल का वितरण किया। मौके पर उपस्थित पीआरओ दुर्गा चरण पासवान ने बताया प्लांट प्रबंधन लगातार सीएसआर के नियमानुसार अपने कार्य को संपन्न करती रहती हैं, इसी कड़ी में हेहल विद्यालय प्रबंधन द्वारा कुर्सी व टेबल की मांग की गयी थी। विद्यालय प्रबंधन की मांग पर प्लांट प्रबंधन ने तत्परता दिखाते हुए दो ऑफिस कुर्सी व दो ऑफिस टेबल विद्यालय प्रबंधन के सुपुर्द किया गया है। वही विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनिल कुमार अग्रवाल ने प्लांट प्रबंधन के प्रति आभार प्रकट किया। मौके पर प्लांट पदाधिकारी अजय सिंह, दिनेश चौधरी, मनोज कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## विधायक ने विधानसभा में फिर की पतरातू को अनुमंडल बनाने की मांग



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान विधायक अंबा प्रसाद ने पतरातू को अनुमंडल बनाने का प्रस्ताव विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष फिर से दोहराई। विधायक अंबा प्रसाद द्वारा अल्प सूचित प्रश्न के माध्यम से उठाए गए मामले पर विभागीय मंत्री द्वारा यह उत्तर प्राप्त हुआ कि अनुमंडल सृजन के बिंदु पर समीक्षा के उपरांत सरकार द्वारा निर्णय लिया जाता है और पतरातू को अनुमंडल बनने के प्राप्त प्रस्ताव पर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में प्रशासनिक इकाइयों के सृजन पर विचार करने हेतु गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक की अनुशंसा प्राप्त होने के पश्चात पतरातू को अनुमंडल का दर्जा देने पर निर्णय लिया जायेगा। वहीं इससे पूर्व भी विधायक ने प्रश्न करते हुए कहा था कि रामगढ़ जिला के पतरातू को अनुमंडल सृजन करने का प्रस्ताव पर प्रमंडलीय आयुक्त की अनुशंसा प्राप्त है। अपराधिक घटनाएं क्षेत्रों मे होने के कारण विधि व्यवस्था की समस्या बनी रहती है। इसीलिए पतरातू को विधि व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने के लिए पतरातू को अनुमंडल बनाना जरूरी है।

## शिक्षायान राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित हुए परवरिश स्कूल के निदेशक शैलेंद्र





**कुजू (आजाद सिपाही)।** शिक्षायान राष्ट्रीय सम्मान से परवरिश एडुकेयर स्कूल, कुजू के निदेशक शैलेंद्र कुमार को शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। आर्यावर्त सहोदय स्कूल कांप्लेक्स व नालंदा सहोदय क्लस्टर के सामरिक सहयोग से आयोजित होटल चाणक्य, पटना में बिहार सरकार के मुख्य सचिव एन विजयलक्ष्मी (आईएएस) के उपस्थिति में पदमश्री कपिल देव प्रसाद ने शॉल ओढ़ाकर व सिक्किम, मेघालय और मणिपुर के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद द्वारा स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया गया। बताते चले कि 22 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में जुड़े परवरिश स्कूल के निदेशक शैलेंद्र कुमार के अलावे बिहार तथा झारखण्ड के चयनित 330 लोगों में 101 को इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में पुरस्कार और सम्मान प्राप्त करने का मौका मिला। शैक्षिक उत्कृष्टता के प्रतीक के रूप में शैलेन्द्र कुमार ने क्षेत्र को गौरवान्वित कर नाम रोशन किया है। वही, चयनित लोगों के बीच प्रभावशाली व परिवर्तनकारी नेतृत्व का परचम लहराया। शैलेंद्र कुमार ने दोनों सहोदिया के सभी सदस्यों एवं अवार्ड समिति के प्रति आभार जताया। कहा कि यह सम्मान सिर्फ मेरा नहीं है, बल्कि समस्त परवरिश स्कूल परिवार का है और इससे मेरी जिम्मेवारी बढ़ जायेगी। इस सम्मान पर स्कूल के प्रबंध निदेशक विकास कुमार सिंह, संयोजक प्रकाश रंजन, प्राचार्या नेहा राज बनर्जी, कोर्डिनेटर रश्मि कुजुर, नाजो खातून, कंचन प्रसाद, संगीता, अर्चना, शांति, आकांक्षा आदि शिक्षकों के अलावा अन्य शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मियों ने बधाई दी है। शिक्षकों ने कहा कि स्कूल निदेशक इस प्रकार के उत्कृष्ट सम्मान मिलना विद्यालय परिवार के लिए गर्व की बात है।

## अंचल निरीक्षक ने मुखिया को दिया अभिनंदन पत्र




**मांडू (आजाद सिपाही)।** भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय भूमि संसाधन विभाग डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम के तहत मांडू चट्टी पंचायत के मुखिया अनिता देवी को अंचल निरीक्षक सुरेश प्रसाद वर्णवाल ने सोमवार को अभिनंदन पत्र प्रदान किया। मौके पर सीआई ने बताया कि डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम के अंतर्गत मूल घटकों के कार्यान्वयन में 99 परसेंट से अधिक कार्य पूर्ण करने पर भूमि संसाधन विभाग भारत सरकार के द्वारा बधाई दिया गया है। मौके पर राजस्व कर्मचारी राजेंद्र प्रसाद, बालेश्वर भुईयां, राजकपूर साव, मो मिस्टर, चरकु तूरी, राजेंद्र राम, बिनोद महतो, अनूप विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

## स्व विनोद बिहारी महतो की मनायी पुण्यतिथि



**मांडू (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड कार्यालय 20 माइल जोड़ाकरम मे सोमवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा संस्थापक स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो का 32वां पुण्यतिथि मनाया गया। मौके पर दर्जा प्राप्त मंत्री फागु बेसरा और केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो समेत पार्टी के कई नेताओं व कार्यकर्ताओं ने स्व विनोद बिहारी महतो के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किया। मौके पर सोनाराम मांझी, मुखिया एतो बास्के, सुरेशचंद्र पटेल, राजनाथ महतो, भुनेश्वर महतो, रामनाथ महतो, मोगल चंद्र पटेल, नरेंद्र रविदास, सानू मदन सोरेन, पन्नालाल मुर्मू, प्रदीप सोरेन, लालजी टुडू, पंकज टुडू, मंतोश सिंह, कन्हैया ठाकुर समेत कई लोग मौजूद थे।

### सीएम के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर डीसी ने की बैठक

# अधिकारी आवेदनों का निष्पादन जल्द करें: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** राज्य सरकार के चार वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में मनाये जा रहे हैं। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के रामगढ़ जिले में प्रस्तावित कार्यक्रम के को लेकर सोमवार को बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता डीसी चंदन कुमार ने किया। साथ ही तैयारियों की जानकारी ली। मौके पर नजारत उपसमाहर्ता रविंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित किए गए जिला स्तरीय शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा किये जाने वाले कार्यों की जानकारी दी गयी। जिसके बाद उपायुक्त द्वारा सभी विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारियों को मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दिन स्थल पर स्टाल लगाने और सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार सुनिश्चित करते हुए लोगों को योजनाओं से लाभान्वित करने का निर्देश दिया।

**आवेदनों के निष्पादन की गति में तीव्रता लाने का निर्देश:** बैठक में डीसी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर आमजनों के स्थल तक पहुंचने, कार्यक्रम के दौरान लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों के वितरण, अल्पहार आदि से संबंधित कार्यों को लेकर अधिकारियों को विभिन्न निर्देश दिए। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित किए जा रहे शिविरों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को आवेदनों के निष्पादन की गति में तीव्रता लाने, आवेदनों की नियमित मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने अधिकारियों से आवेदनों के निष्पादन में आ रही समस्याओं की जानकारी लेते हुए उनके समाधान को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये। उपायुक्त ने जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान पार्किंग व्यवस्था सुदृढ़ रखना योजनाबद्ध तरीके से लाभुकों व आमजनों को शिविर में बैठाने के साथ-साथ कई महत्वपूर्ण विषयों को लेकर आवश्यक निर्देश दिये। वहीं उन्होंने सभी कार्य विभागों के कार्यपालक अभियंताओं सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को जिला स्तरीय आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित होने वाले शिविर के दौरान विभिन्न योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास से संबंधित जानकारी त्वरित रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मियों को आयोजन के दिन ससमय अपने-अपने कार्यस्थल पर पहुंचकर दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया।

## 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुरकुंडा।** सौंदा डी पंचायत भवन में सोमवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के तहत कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का सुभारम्भ बतौर मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद, पतरातू बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता, श्रम अधीक्षक अभिषेक वर्मा, सांसद प्रतिनिधि सुखदेव प्रसाद, युवा कांग्रेस के बड़कागांव विधानसभा अध्यक्ष जयंत तुरी, पूर्व उप प्रमुख अनिल सिंह, पंसस कुमकुम देवी, प्रंखड कल्याण पदाधिकारी राजेश एक्का ने संयुक्त रूप से पिता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में वैष्णवी महिला समुह को सहायता राशि, 15 लड़कियों को सावित्रीबाई योजना का लाभ दिया गया। मौके पर बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता ने उपस्थित लोगों को विकास योजना की विस्तृत रूप से जानकारी देते हैं इसका लाभ उठाने की अपील की। मौका पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि शिविर का उद्देश्य विकास की किरण समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना है। उन्होंने कहा कि शिविर के माध्यम से क्षेत्र के ग्रामीणों को शत प्रतिशत लाभ मिल रहा है। विधायक अंबा प्रसाद ने कहा की सरकार द्वारा पतरातु प्रखंड के तमाम पंचायत में शिविर लगाया जा रहा है। इसमें अधिक से अधिक लोग पहुंचकर विकास योजनाओं का शत प्रतीक लाभ उठायें। उन्होंने कहा कि शिविर का उद्देश्य ही जान समस्याओं का समाधान करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया उपेंद्र शर्मा, संचालन पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पांडेय और धन्यवाद ज्ञापन उप मुखिया संजय भारती ने किया। मौके पर वार्ड सदस्य अंजली देवी, ऐनजिना एक्का, सीता देवी, सुबोध रजक, नरेंद्र कुमार, गौतम पासवान, पंचायत सेवक नरेश हजाम, पंचायत सचिव खुशबू रानी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुजित कुमार पटेल, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, अमित साहु, स्वयंसेवक संतोष रजक, पुनम देवी, सेविका सुरती देवी, सुनीता देवी, सहिया पुजा देवी, महिला समुह संयोजक नीलम कुमारी, डीलर देवराज सिंह, देवनाथ सिंह राजेश चैधरी, प्रवीर चटर्जी, महेन्द्र राम, सुरेश यादव, संजय कुमार, उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनुज खत्री मौजुद थें।

## अपना अधिकार पाने के लिए दर दर भटक रहा है विकलांग व्यक्ति



आजाद सिपाही संवाददाता

**गोला।** गोला का एक विकलांग अशोक सिंह अपना अधिकार पाने के लिए दर दर की ठोकरे खाने को मजबूर है। उसको अपने बहन से हक नहीं मिल रहा है। इस सम्बद्ध में उन्होंने जिला के वरीय अधिकारियों को पत्र देकर इस बात से अवगत कराया है। दिए पत्र में उन्होंने कहा है कि रेखा देवी, संतोष सिंह, सुनैना कुमारी ने गलत कागजात द्वारा मेरे पुस्तेनी जमीन को बेचने का काम कर रहे है। खाता नंबर 5, प्लॉट 303, खाता 29 प्लॉट 325, खाता संख्या 37 प्लॉट 302 और खाता 60 चारो खाता का जमीन अंचल पंजी टू में कर्मचारी के सहयोग से अपरलेख कर दिया गया है। रेखा मेरी बड़ी बहन होने के कारण सारा कागजात उसी के पास है। उसी का फायदा उठाते हुए जमीन की बिक्री कर रही है। अशोक ने बताया कि मेरा एक पैर कटा है। किसी तरह में भीख मांग कर जीवन बसर कर रहा हूं।

## समस्याओं के समाधान को लेकर मुखिया ने मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुरकुंडा।** रीवर साइड बुधबाजार दोतल्ला पंचायत की मुखिया सत्यवंती देवी ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अपने पंचायत में मूलभूत सुविधाओं को बहाल करने के लिये पत्र प्रेषित किया है। पत्र मे कहा गया है कि बुधबाजार दोतल्ला पंचायत का राजस्व गांव दुंदुवा कोल इंडिया और रामगढ़ जिला खनन फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा प्रभावित है। इसके बावजुद दुंदुवा गांव मे मूलभूत सुविधा सड़क, स्वास्थ्य, पेयजल से वंचित है। साथ ही रीवर साइड बुधबाजार मुख्य पथ से पंचायत सचिवालय तक पहुंच पथ का निर्माण, रीवरसाइड बिरसा चैक मुख्य पथ से भाया जुबिली महाविद्यालय भुरकुंडा, पुराना थाना मुहल्ला, रीजनल मुहल्ला होते हुये पोस्ट ऑफिस तक पहुंच पथ का निर्माण, ग्राम दुंदुवा के आजाद नगर मुहल्ला आंगनबाड़ी केंद्र से सरना टोला, शिवनगर, बीटीटीआई मुहल्ला होते इमलीगाछ तक मिलान पथ का निर्माण, बुधबाजार मुख्य पथ से मयूर स्टेडियम होते बीटीटीआई गेट और कांग्रेस ऑफिस तक पथ का निर्माण, नायक टोला से पुराना थाना मुहल्ला तक पथ और पुलिया का निर्माण, आजाद नगर मुहल्ला से दुंदुवा मांझी टोला तक पहुंच पथ का निर्माण, जुबिली महाविद्यालय भुरकुंडा पुराना भवन से बिरसा नगर होते जुबिली मोड तक मिलान पथ का निर्माण, ग्राम दुंदुवा में स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक भवन सह विवाह भवन, कौशल विकास केंद्र का निर्माण कराने की मांग की गयी है।

### नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने जिला और सत्र न्यायाधीश से की मुलाकात

# अधिवक्ताओं को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होगी: ब्रजेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** जिला अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारी और कार्यकारिणी सदस्यों ने सोमवार को व्यवहार न्यायालय के प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश ब्रजेश कुमार गौतम और अन्य न्यायाधीश से शिष्टाचार मुलाकात की। मौके पर संघ के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल ने प्रधान जिला न्यायाधीश ब्रजेश कुमार गौतम को यह आश्वस्त किया कि जिला अधिवक्ता संघ की तरफ से व्यवहार न्यायालय के प्रत्येक न्यायिक कार्यों में पूर्ण सहयोग मिलेगा और पूर्व की भांति ही सभी तरह के नई कार्य सुलभता से संपन्न होंगे। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ब्रजेश कुमार गौतम ने अधिवक्ताओं को भी आश्वस्त किया कि बेंच की तरफ से अधिवक्ताओं को किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं होने दी जायेगी, ऐसा विश्वास दिलाता हूं। शिष्टाचार मुलाकात करने वालों में संघ के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल, उपाध्यक्ष ऋषि महतो, महासचिव सीताराम, कोषाध्यक्ष हरख नाथ महतो, सायुक्त सचिव प्रशासन शंभूनाथ प्रसाद, कार्यकारिणी सदस्य सुबोध पांडे, द्वारिका प्रसाद, योगेश पांडे, मीनू कुमारी, राजेंद्र महतो, जगत महतो, राजू कुमार, मदन शर्मा, टिकेंद्र महतो आदि शामिल थे।

## गूंज महोत्सव : खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिल्ली/रांची।** तीन दिवसीय गूंज महोत्सव-2023 में में लोक कला, परंपरा की हिफाजत के पैरोकार, कलाकार के अलावा खेल के क्षेत्र में ख्यातिलब्ध सफलता हासिल करनेवाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इनमें नेशनल गेम्स में स्वर्ण पदक विजेता दिनेश कुमार, एशियाई खेलों में रजत पदक विजेता तीरंदाज मधुमिता कुमारी, नेशनल गेम में रजत पदक विजेता तीरंदाज दीप्ति कुमारी, अघनी कुमारी, नेशनल गेम्स में स्वर्ण पदक विजेता लॉन बॉल खिलाड़ी प्रिंस महतो, वूशु में कांस्य पदक विजेता शशिकांत महतो, संगीतकार अश्विनी महतो, ढोल वादक हेमली कुमारी, नृत्य कलाकार मोहन सहिस, चंद्रयान 3 से जुड़े जयप्रकाश महतो के अलावा बिरसा मुंडा तीरंदाजी अकादमी की अध्यक्ष नेहा महतो को सम्मानित किया गया। नेहा महतो के कुशल नेतृत्व में पांच सौ से ज्यादा खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर उभरे हैं और कम से कम 22 खिलाडियों और कोच ने भारतीय टीम का नेतृत्व किया है।

### अगले दो दिनों में होने हैं कई कार्यक्रम

19 और 20 दिसंबर को सेवा और जन कल्याण से जुड़े कई कार्यक्रमों की रूपरखा तय की गयी है। इसे सफल बनाने के लिए गूंज महोत्सव के संरक्षक और सिल्ली के विधायक सुदेश कुमार महतो की अगुवाई में महोत्सव की सफलता के लिए एक हजार वॉलंटियर, एसएचजी, गूंज परिवार के सदस्यों के अलावा समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधि जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। कार्यक्रम में पद्मश्री छूटनी महतो, जमुना टुडू, मधु मंसूरी, मुकुंद नायक के अलावा राज्य के अलग-अलग विश्वविद्यालयों के कुलपति, जिला परिषद के प्रतिनिधि, बिरसा मुंडा तीरंदाजी अकादमी की अध्यक्ष नेहा महतो, श्याम सुंदर महतो, डॉ मुकुंद चंद्र मेहता के अलावा दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

## चतरा की खबरें

## भारतीय सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश संजय करोल ने भद्रकाली मंदिर में की पूजा



**चतरा (आजाद सिपाही)।** भारतीय सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश संजय करोल चतरा के इटखोरी पहुंचे। उनके इटखोरी आगमन पर परिसदन में पनंप्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह, उपायुक्त अबु इमरान, पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने सम्मान प्रकट करते हुए पौधा और मोमेंटो भेंट कर उनका स्वागत किया। इस मौके पर जिला पुलिस बल द्वारा माननीय न्यायाधीश को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। माननीय न्यायाधीश ने इस दौरान मां भद्रकाली मंदिर में पूजा-अर्चना किया। इस मौके पर अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मंडल, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुरेंद्र उरांव, डीएसपी मुख्यालय केदार राम समेत अन्य कई अधिकारी उपस्थित थे।

## डीसी ने मयूरहंड बीडीओ को लगायी फटकार



**चतरा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त ने मयुरहंड प्रखंड सह अंचल कार्यालय में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत सिन्हा से मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत किये गये कार्यों की विस्तृत जानकारी लिया। इसमें नये मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करने, फोटो अपडेशन, नाम विलोपित करने से संबंधित प्राप्त आवेदनों के ऑनलाइन इंट्री कार्य का समीक्षा किया और कहा निर्वाचन से संबंधित कार्य में लापरवाही बिल्कुल ही बर्दास्त नहीं की जायेगी। प्राथमिकता के आधार पर शत प्रतिशत प्राप्त आवेदनों का इंट्री कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत चल रहे प्राप्त आवेदनों के इंट्री कार्य की धीमी गति देख नाराजगी व्यक्त करते हुए फटकार लगाया और कहा इस तरह के कार्यशैली से यह प्रतीत होता है कि निर्वाचन के कार्य में आपके द्वारा रुचि नहीं ली जा रही है। किसी भी तरह जल्द से जल्द शत प्रतिशत इंट्री कार्य कराना सुनिश्चित करें अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहने की हिदायत दी।

## किसानों को उन्नत खेती के लिए किया गया प्रशिक्षित



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण के द्वारा 2023-24 के तहत जिला स्तरीय किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि बीटीएम सुधीर कुमार, बीटीएम मुकेश कुमार सिन्हा, एटीएम राजेश कुमार उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा किसानों को सही ढंग से खेती करने का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही खेती से अपने रोजगार बढ़ाने और अपने परिवार का भरण पोषण अच्छे ढंग से करने का गुर सिखाया गया तथा बताया गया कि पढ़े लिखे लोग खेती में लगे हुए हैं और नये तकनीक से खेती कर लाखों रुपया कमा रहे हैं। किसानों को खेती के प्रति जागरूक किया गया वही किसानों को रबी फसल, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, जैविक खेती, प्रधानमंत्री सूक्ष्म सिंचाई योजना, मोटे अनाज की खेती, पीएम किसान सम्मन निधि योजना की जानकारी दी गयी। इस मौके पर कृषक मित्र नरेश महतो महावीर यादव संजय सिंह के अलावा अलग-अलग पंचायत के पंचायत प्रतिनिधि कृषक मित्र और किसान उपस्थित हुए।

## पर्यावरण विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन



**चतरा (आजाद सिपाही)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के सचिव प्रज्ञा बाजपेयी के निर्देश के अनुसार सोमवार को हंटरगंज के धरधरा हाई स्कूल में पेंटिंग, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध पेंटिंग और डिबेट प्रतियोगिता में बेहतर करने वाले प्रतिभागियों को मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। निबंध और वन पर्यावरण प्रतियोगिता में सलोनी कुमारी प्रथम, निभा कुमारी द्वितीय, तथा अंजली तृतीय स्थान लाया, जबकि सोनी कुमारी, सुमिति कुमारी, सपना कुमारी, मधु कुमारी, शोभा, माधुरी शामिल हुईं। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक केसरी कांत, शिक्षक किशोरी शर्मा, राकेश कुमार, प्रवीण कुमार, मृत्युंजय कुमार, रवि कुमार, शरीफ नवाज अंसारी, मुन्ना कुमार, गीता कुमारी, विनोद कुमार शर्मा, पवन कुमार प्रजापति शामिल थे। इसका आयोजन हंटरगंज प्रखंड कार्यालय के पीएलवी कुमार विवेक रंजन और सरयु यादव के द्वारा आयोजित किया गया था।

## बढ़ रहा ब्राउन शुगर का कारोबार

**गुमला (आजाद सिपाही) ।** शहर में इन दिनों ब्राउन शुगर सहित अन्य नशीली पदार्थों का कारोबार जोरों से फल फूल रहा है। इसकी जद में स्कूली छात्र आ रहे हैं। कम उम्र के लड़के जोरो से इन नशीली पदार्थ का सेवन कर रहे हैं। शहर में कई जगह चोरी छुपे ब्राउन शुगर की बिक्री की जा रही है। ब्राउन शुगर बेचने वाले ज्यादातर कम उम्र के छात्रों को शुरूआत में फ्री में उन्हें इसका सेवन कराते हैं बाद में जब उनको इसकी लत लग जाती है तो इसको पीने के लिए बच्चे घर में चोरी करते हैं और बाद में अपराधिक गतिविधियों को अंजाम देते हैं। वहीं पुलिस खाना पूर्ति करते हुए बीच-बीच में नशीली दवाओं को बेचने वालों को गिरफ्तार कर जेल भेज देती है लेकिन इस धंधा में बहुत ज्यादा फायदा होने के कारण कई लोग इस कार्य में संलिप्त हैं। शहर के कई स्थानों में खंडहर व खाली घरों में स्कूली छात्रों को इसका सेवन करते हुए देखा जा सकता है। वही इनका सेवन करने के बाद तेज गति से वाहन चलाने पर लोग दुर्घटना के शिकार भी हो रहे हैं।

# क्रिसमस आनंद और उल्लास का पर्व है: जिग्गा सुसारन होरो

आजाद सिपाही संवाददाता



**बसिया।** अंतर कलिसिया बिकास समिति कामडारा बसिया के तत्वावधान में सोमवार को संत बियानी मैदान कोनबीर नवाटोली में क्रिसमस गेदरिंग धूमधाम से मनाया गया। मौके पर मुख्य अतिथि खूंटी धर्म प्रान्त के बिशप बिनय कंडुलना एवं बिशिष्ट अथिति गुमला बिशप पिंगल एक्का एवं विधायक जिग्गा सुसारन होरो उपस्थित थे। कार्यक्रम के आरंभ में फा. पीयूष एक्का ने चरनी आशीष के साथ कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि खूंटी धर्म प्रान्त के बिशप बिनय कंडुलना ने अपने संदेश में कहा कि प्रभु यीशु शांति का प्रतीक है। शांति न्याय व धार्मिकता के राजकुमार यीशु खीस्त का जन्म पर्व क्रिसमस आ रहा है। क्रिसमस हमें प्रेम भाईचारा का संदेश देता है प्रभु यशु संसार का उद्धार करने के लिए ही स्वर्ग से पृथ्वी पर आए है। क्रिसमस का पर्व लोगों को जीने का तरीका सिखाता है। बिशप पिंगल एक्का ने कहा कि स्वर्ग में परमेश्वर की महिमा व पृथ्वी पर उनके कृपापात्रों की शांति का एक संदेश है। जिसे दूतों द्वारा चरवाहों को दिया गया था। इस संदेश को हम अपने जीवन मे अंगीकृत कर अपना जीवन बिताते हैं। हम सभी खीस्त विश्वासी शांति प्रिय है, और हम शांति के लिए काम करते है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार यीशु खीस्त इस दुनिया मे शांति स्थापित करने आये थे। उसी प्रकार हम सभी समस्त संसार मे शांति स्थापित करे, और प्रभु के परामर्शों को आत्म सात करे। विधायक जिग्गा सुसारन होरो ने क्रिसमस की शुभकामना देते हुए कहा कि क्रिसमस आनंद और उल्लास का पर्व है जो मुक्ति की आशा दिलाती है। हम इस पर्व को खुशी और उल्लास के साथ मनाए। उन्होंने युवा पीढ़ी को कहा आपने अधिकार को मत छोड़ो चाहे जितना संघर्ष करना पड़े। उन्होंने युवा पीढ़ी को कहा कि मेहनत और लगन से पढ़ाई करें समय का सदुपयोग करे। कार्यक्रम में बसिया और कामडारा पल्ली के विभिन्न गांव टोलो व संस्थान से बच्चे बच्चियां युवक युवतियों व महिलाओं ने बालक यीशु के जन्म की झांकिया प्रस्तुत की साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगो का मन मोह लिया। मौके पर फा0 सीप्रियन कुल्लु फा0 पितरूस सोरेंग फा0पियूश एक्का फा0 मतियस फा0 जेम्स डुंगडुंग सि0 इमिलिया सि पुष्पा जिनित गुड़िया, सीलास बाड़ा, जिला परिषद सदस्य बसंती डुंगडुंग, चैतू उरांव, रोशन बरवा, सुजीत टेटे, कामिल मिंज सहित सैकड़ों खीस्त विश्वासी उपस्थित थे । मंच का संचालन सुभाष एक्का एवम अमरजीत डंगवार ने किया।

## मसीही समुदाय ने मनायी क्रिसमस गैदरिंग

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही) ।** मुख्यालय स्थित कैथोलिक चर्च से जुड़े मसीह समुदायों के द्वारा रविवार को क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व सुनील मिंज, सुधीर तिग्गा आदि समुदाय के लोगों ने किया इस मौके पर गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा निकाला और मुख्यालय के मार्गों का भ्रमण किया । इस दौरान लोग नाचते गाते चल रहे थे और शांता क्लाज के रूप में टोपी पहने लोगों ने बच्चे व बड़ों के बीच चॉकलेट व अन्य सामग्री का वितरण किया जा रहा था जो आकर्षण का केंद्र रहा। शोभा यात्रा के माध्यम से प्रखंड वासियों को क्रिसमस और नव वर्ष की शुभकामना देते हुए लोगों को प्रेम और शांति का संदेश दिया गया। इससे पूर्व प्रचार एलेक्स क्रिकेटा के द्वारा मिशा पूजा कराते हुए केक काटकर इसकी शुरूआत की। मुख्य रूप से बिजय एक्का मार्गरेट कुजूर फिलिप तिग्गा सहित कई लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## हिंडालको ने टीवी मरीजों के बीच लड्डू और फूड पैकेट का किया वितरण



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** हिंडालको सीएसआर द्वारा घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को 71 टीवी मरीजों के बीच रागी लड्डू व फूड पैकेट का वितरण किया गया। वितरण करने वालों में मुख्य रूप से चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अरविंद कुशल एकका, हिंडाल्को से रामवतार पासवान, अभय भारती, पूर्व मुखिया गीता कुमारी शामिल थे। मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अरविंद कुशल एक्का ने लोगो को नशा पान से दूर रहकर दवा लेने और अपनी स्वास्थ्य जांच कराने तथा आवश्यक स्वास्थ्य सहायता व पोषण आहार के अलावे हिंडालको द्वारा मिले पोषण कीट लड्डू का उपयोग करने की बात कही। स्वास्थ्य विभाग प्रखंड पर्यवेक्षक अमित प्रसाद ने आवश्यक परहेज व खान-पान की जानकारी दी ।साथ ही जरूरत हो तो स्वास्थ्य विभाग के विशेषज्ञ से राय लेकर अपना सहायता प्राप्त करने की बात कही। हिंडालको के अभय भारती ने टीवी को जड़ से मिटाने के लिए जांच, दवा खान-पांन योग माध्यम से शरीर को स्वस्थ रखने की बात कही। मौके पर उपस्थित लोगों में बिटीटी सीमा देवी, खुशी कुमारी, स्वास्थ्य सहिया व स्वास्थ्य कर्मी टीबी मरीज व अन्य लोग उपस्थित थे।

## पुआल में लगी आग मवेशियों के चारा पर संकट



आजाद सिपाही संवाददाता

**भरनो ।** पुआल के मचान में लगी आग किसान के सामने मवेशी के पेट भरने की चिंता सताने लगी। रविवार की सुबह स्कूल चौक निवासी मनोज उरांव के घर के बगल मे रखें पुवाल मे अचनाक आग लगने से मचान सहित पुवाल जलकर राख हो गया ।

मनोज उरांव के पुआल के मचान मे आग लगने से पुआल मचान समेत जलकर खाक हो गयी। आग के लपटे इतनी तेज थी की वह कुछ समझ पाता तबतक पुआल और मचान जो पूरी तरह से जलकर खाक हो गई थी। मचान को देखते हुए पशुओं के लिए चारा की संकट की चिंता सताने लगी । मनोज ने कहा कि उनके पास काफी मवेशी है जिससे वे कृषि कार्य किया करते हैं। अब उनके पेट भरने के लिए वह चारा कहां से लाएंगे मचान में रखे इन्हीं पुआल से मवेशियों का पेट सालों भर किसी तरह से भर जाया करता था। मनोज ने कहा पुवाल और मचान मे आग लगना समझ से परे है ।

## वाहनों की टक्कर में दो छात्र घायल एक रिम्स रेफर

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर के सिसई रोड छठ तालाब के समीप रविवार की शाम स्कूटी व बाइक में टक्कर हो गई। घटना में स्कूटी में सवार चेटर निवासी 16 वर्षीय छात्र और विकास नगर बर टोली निवासी 15 वर्षीय छात्र घायल हो गए। वही बाइक सवार दो युवकों को चोट नहीं लगी। घटना के बाद स्थानीय लोगों व परिजनों की मदद से दोनों घायलों को सदर अस्पताल लाया गया जहां दोनों का इलाज चल रहा है। घटना में दोनों छात्र के सिर पैर व शरीर के कई हिस्से में काफी चोट लगी है। बताया जाता है कि दोनों छात्र ब्राउन शुगर का सेवन कर शहर में घूम रहे थे वहीं काफी तेज गति से स्कूटी चला रहे थे तभी छठ तालाब के समीप एक बाइक को टक्कर मार दिया। वह सदर अस्पताल में इलाज के बाद विकासनगर बरटोली निवासी छात्र की नाजुक स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने रिम्स रांची रेफर कर दिया।

# 18 लाख 75 हजार राशि का परिसंपत्ति किया गया वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**बिशुनपुर ।** प्रखंड के बनारी पंचायत स्थित कोको टोली गांव में सोमवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जहां मुख्य रूप से बीडीओ छंदा भट्टाचार्य सीओ धनंजय पाठक प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव थाना प्रभारी कुंदन कुमार उप प्रमुख चंदन सिंह बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक खेरवार जिप सदस्य पवन उरांव मुखिया बसनू उरांव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में तमाम विभागों के द्वारा स्टॉल लगाया गया था। जहां प्रशासन के द्वारा निर्धारित विभिन्न विभाग के माध्यम से 18 लाख 75 हजार राशि का परिसंपत्ति वितरण अतिथियों के द्वारा किया गया जहां फरियादी अपनी समस्या एवं जरूरत से संबंधित आवेदन देकर समाधान करा रहे थे। अतिथियों ने संबोधित करते हुए कहा कि इस क्षेत्र की जो भी समस्याएं हैं आप अपनी समस्याओं का निराकरण आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लगे विभिन्न विभागों के स्टॉल पर कर सकते हैं। बीडीओ ने कहा ग्रामीणों की जो भी समस्याएं हैं आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत समस्याएं विभिन्न स्टोलों पर रख सकते हैं संबंधित विभाग के द्वारा समस्याओं का निराकरण शीघ्र किया जाएगा। इधर थाना के द्वारा लगाए गए स्लॉट में थाना प्रभारी के द्वारा ग्रामीण महिला पुरुषों को अंधविश्वास नशा पान शिक्षा आदि विषय पर जागरूक किया गया । साथ ही उन्होंने कहा कि साइबर ठगों के झांसे में ना आए अनजान व्यक्ति के द्वारा फोन के माध्यम से आपसे संबंधित जानकारी प्राप्त करने की प्रयास की जाए तो उन्हें अपनी जानकारी साझा ना करें तत्काल थाना को सूचित करें। इस मौके पर जितेंद्र भगत सहित विभिन्न विभाग के पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## महिला आरोग्य समिति की बैठक अयोजित



**गुमला (आजाद सिपाही)।** महिला आरोग्य समिति की मासिक बैठक अर्बन यूपीएच सी इस्लामपुर गुमला में सहिया सय्यदा खातून कि अध्यक्षता में आयोजित कि गई । बैठक में सहिया सय्यदा खातून ने निम्न एजेंडा पर चर्चा किया जिसमे मुख्य रूप से सभी आंगन बाड़ी केंद्र व स्कूलों में बच्चों को हैंड वाश करना तथा सफाई पर जागरूकता घूम घूम कर करेंगे जिसमें नगर परिषद कि भी मदद लिया जाएगा । महिला आरोग्य समिति की ज्योति कुमारी वर्मा ने कहा कि सभी महिलाओं को सशक्त बनना है। सहिया पिंकी कुमारी ने महिला आरोग्य समिति को गर्भवती महिलाओं को ल्लू जांच पर जागरूक करने के लिए विशेष कर कहा सभी वार्डों की महिला आरोग्य समिति कि पदाधिकारी गन, सचिव सहिया, अल्पना मिंज संजीदा खातून,संगीता देवी, परवीन ,सबीना खातून, नगमा निगार, कैनात आरजू, रिंकी परवीन, सोनी देवी, शबाना खातून, शमिमा परवीन, रुकसाना खातून, शाहीन खातून, रिंकी देवी, संगीत देवी व अन्य बहुत सारी महिलाए उपस्थित थी।

## महिला ने कीटनाशक का सेवन कर किया आत्महत्या का प्रयास

**गुमला (आजाद सिपाही) ।** गुमला थाना अंतर्गत बड़ा खटंगा निवासी 40 वर्षीय रतनी देवी पति विजय उरांव ने रविवार की शाम कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया। महिला की खराब होती स्थिति देख परिजन तत्काल उसे सदर अस्पताल लेकर आए जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना के बारे में प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला का पति विजय प्रतिदिन शराब का सेवन कर घर आता है। इसके बाद घर में लड़ाई झगड़ा करता है। वही पत्नी अक्सर उसे शराब पीने के लिए मना करती है। रविवार की शाम भी पति शराब पीकर घर आया इसके बाद पत्नी से उसका विवाद हो गया और आक्रोश में आकर पत्नी ने कीटनाशक का सेवन कर लिया।

## ट्रैक्टर से टक्कर में बाइक सवार तीन घायल

**गुमला (आजाद सिपाही) ।** पालकोट प्रखंड अंतर्गत बघिमा गांव के समीप ट्रैक्टर के टक्कर से बाइक में सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलों में सालिया टोली निवासी नकुल प्रधान पिता चमरू प्रधान, नरेंद्र प्रधान पिता राजेंद्र प्रधान व बाइक चालक रोशन खड़िया शामिल है। स्थानीय लोगों की मदद से दो घायलों को सदर अस्पताल लाया गया। जबकि बाइक चालक रोशन खड़िया का बघिमा के निजी क्लीनिक में इलाज किया गया। उसे हल्की चोट लगी है। जानकारी के मुताबिक तीनों युवक बाइक से बघिमा 1 जनवरी की तैयारी के लिए साउंड बुक करने गए थे।

# शिविर में लोगों को साइबर ठगी सहित कई मुद्दों पर जागरूक किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता




**घाघरा।** प्रखंड के चपका में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख सविता देवी, बीडीओ दिनेश कुमार, उप प्रमुख शिवा देवी, मुखिया अग्नि उरांव, पंचायत समिति सदस्य सीमा देवी शामिल हुई। इस क्रम में अबुवा आवास, मनरेगा, पेंशन, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कल्याण विभाग, बाल विकास परियोजना विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग, वन विभाग सहित कई अन्य विभागों के स्टाल लगाए गए। वहीं आवश्यकता अनुसार ग्रामीणों ने आवेदन भरकर संबंधित स्टालों में जमा किया। सावित्रीबाई फुले योजना, पेंशन पीपीओ, स्वास्थ्य विभाग योजना, जेसलपीएस द्वारा महिला मंडल समूह को ऋण व अन्य कई लोगो को बिभाग द्वारा परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। साथ ही लोगों के बीच कंबल का वितरण भी किया गया। वही घाघरा पुलिस द्वारा भी लोगों को साइबर ठगी डायन भी सही प्राथमिक की नशा पान सहित कई मुद्दों पर जागरूक किया गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि उक्त कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को सरकार के महत्वकांक्षी योजना को बताकर उसका लाभ पहुंचाना है। बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि जितने भी आवेदन प्राप्त हो रहे हैं उसमें कुछ व्यक्तियों के आवेदन पर ऑन द स्पॉट भी निराकरण किया जा रहा है। वही अन्य आवेदनो पर तत्वरित कार्रवाई करते हुए लोगों को सरकारी लाभ से जोड़ा जाएगा।

# युवाओं के कंधों पर युग निर्माण की अहम जिम्मेदारी: अभिजीत राज

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** लोहरदगा लोकसभा स्तरीय युवा कांग्रेस मिलन सम्मेलन का आयोजन गुमला जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आजाद अंसारी के नेतृत्व में माहेश्वरी भवन में हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि पुर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस प्रभारी शेषनारायण ओझा प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज राष्ट्रीय सचिव अभिनव भगत पुर्व अध्यक्ष रोशन बरवा शामिल हुए। मौके पर गीताश्री उरांव ने कहा मोदी सरकार युवाओं को रोजगार देने में विफल साबित हुई हर साल दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने का वादा मोदी सरकार ने देने का वादा किया था । जो जुमला साबित हुआ आने वाले चुनाव में इस देश के युवा इस सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेंगे। प्रदेश प्रभारी शेषनारायण ओझा ने कहा आने वाले 2024 के चुनाव के लिए युवा कांग्रेस के हर पदाधिकारी अपने तीन तीन बूथ को मजबूत करने की जिमेदारी ले और हर बुथ पर मोदी सरकार की विफलताओं को उजगार करें। प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज ने कहा कि आज पूरे देश में नफरत और घृणा की राजनीति हो रही है। राजनीति के इस युग में युवाओं के कंधों पर अहम जिम्मेदारी आ गई है कि वे देश में प्रेम और सौहार्दपूर्ण माहौल को खराब न होने दें। उन्होंने कहा कि उनके नेता राहुल गांधी ने भी शांति और भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए लगभग 04 हजार किलोमीटर की यात्रा की।

# सिनी संस्था ने किया फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रायडीह।** सोमवार को सिनी संस्था के स्थापना के पचास वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में गोल्डन जुबली के अवसर पर शहीद बक्तर साय मुंडल सिंह स्टेडियम में जिलास्तरीय बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस फुटबॉल टूनामेंट में रायडीह के चार पंचायत के बालिकाएँ शामिल हुई । वहीं टूनामेंट के फाइनल मैच कांसीर बनाम कुडोछतरपुर के बीच खेला गया। जिसमें मैदानी खेल मे दोनों ही टीमों ने बराबरी पर रही फिर टाईब्रेकर के सहारे 4-3 से कांसीर की टीम खिताब पर कब्जा जमाया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप मे गुमला सीएस राजू कच्छप थे। मैच का शुभारंभ खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा की सिनी संस्था के स्थापना का 50 वर्ष पुरा होने पर बालिकाओं का उत्थान के लिए फुटबॉल टूनामेंट का आयोजन काफी सराहनीय है । इससे बालिकाओ का शारीरिक और मानसिक विकास होगा । वहीं खेल के साथ साथ बालिकाएँ पढाई पर भी ध्यान दें और अपने लक्ष्य की ओर बढे। वहीं विशिष्ट अतिथि खेल एवं सांस्कृतिक पदाधिकारी मनोज कुमार ने कहा की बालिकाओं का विकास के लिए बहुत जल्द रायडीह में डेबोडिंग खुलेगा। साथ ही बालिकाओ को इसका सीधा लाभ मिलेगा। वहीं सिनी संस्था बच्चों के उत्थान के लिए बच्चों का शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य, पोषण व किशोरी किशोरी के उपर कार्य करती है। और अपने स्थापना के समय से ही बच्चों के बौद्धिक क्षमता के विकास के लिए कार्य करती आ रही है। मौके पर बीडीओ अमित कुमार, रायडीह थाना प्रभारी अमित कुमार, जिप सदस्य रेशमी मिंज, मुखिया चुंया कुजूर, मार्था एक्का, आशा सुचित एक्का, प्रोग्राम मैनेजर सुबोदीप अधिकारी, किशोर शाहा, खुर्शीद आलम, संतोषी तिर्की, जितेंद्र सतपति, बैजंती देवी, सत्यभामा दास, सुबोध प्रसाद, मधु कुमारी, संगीत मिंज, अनिश एक्का, शोभा कुमारी, जुही कुमारी सिंह, विद्यावती कुमारी मौजूद थे।

## बजरंगबली मंदिर में रखा गया अक्षत कलश

**भरनो (आजाद सिपाही)।** अयोध्या से चला अक्षत कलश सोमवार को भरनो पंहुचा । भरनो के विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल ने ब्लॉक चौक के समीप पैदल नगर भ्रमण करते हुए भरनो बस्ती स्थित बजरंगबली मंदिर पहुंचें। जहाँ अक्षत कलश को रखा गया । जय श्री राम के उद्घोघोष से पूरा प्रखंड गुंजायमान हो उठा। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के प्रखंड अध्यक्ष सुदामा केसरी ने बताया कि अयोध्या से जो अक्षत कलश आया है। उसे प्रतिदिन मंदिर में रखकर आरती और पूजन किया जाएगा। मौके पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल और मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी के कार्यकर्त्ता उपस्थित थे ।

# राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा निमंत्रण स्वरूप अक्षत पहुंचा सिसई

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा निमंत्रण स्वरूप अक्षत सोमवार को सिसई पहुंचा। अक्षत लेकर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल गुमला विभाग के मंत्री केशव चंद्र साय, जिला मंत्री मनोज वर्मा, संपर्क प्रमुख जयकुमार, कलिगा पंचायत के मुखिया राजकुमार खड़िया प्रखंड पहुंचे। जहां जिला सह मंत्री मनीष बाबू, लोहरदगा जिला संगठन मंत्री कार्तिक विश्वकर्मा सहित दर्जनों हिंदू धर्मावलंबियों ने श्री राम का जयघोष के साथ कलश में भरे अक्षत का नमन किया। केशव चंद्र साय ने कहा कि 77 लड़ाई, चार लाख हिंदुओं का बलिदान, और 492 वर्ष के बाद फिर से भव्य राम मंदिर का निर्माण हो रहा है, मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को किया जाएगा। 14 वर्ष के वनवास से लौटने पर जिस तरह अयोध्या वासियों ने दीप जलाकर भगवान श्री राम का स्वागत किया था। वैसे ही आगामी 21 जनवरी 2024 की संध्या को उन्होंने सभी लोगों से अपने गांव के मंदिरों व घरों में दीप जलाकर और भजन कीर्तन करने की अपील की। मौके पर पूर्णिमा देवी, सौरभ ताम्रकार, सुखलाल , सहित दर्जनों विश्व हिंदू परिषद बजरंगी कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

